## <u>समाचार</u>
## <u>स्वच्छता ही सेवा अभियान</u>

# <u>स्वच्छता व अच्छे स्वास्थ के बीच गहरा संबंध, साफ–सफाई केवल कार्य ही नहीं, सेवा भी है – महापौर</u>

### <u>(सुलभ इंटरनेशनल द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में पहुंची महापौर, कहा–समस्त सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में रहे निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप स्वच्छता)</u>




कोरबा 18 सितम्बर 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने स्वच्छता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि वास्तव में स्वच्छता एवं अच्छे स्वास्थ के बीच गहरा संबंध हैं, गंदगी एक ओर जहॉ हमें बीमार करती हैं, हमारे स्वास्थ को हानि पहुंचाती है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता व साफ–सफाई बीमारियों को दूर भगाकर हमें अच्छा स्वास्थ प्रदान करती है। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से साफ–सफाई केवल कार्य ही नहीं है, बल्कि वह महत्वपूर्ण सेवा भी है, हमारा कर्तव्य है कि हम अपने घर, गली, मोहल्ले व शहर को साफ–सुथरा रखने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाएं।

उक्त बातें महापौर श्रीमती राजपूत ने सुलभ इंटरनेशनल नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में कही। यहॉ उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन – शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्य के अन्य सभी नगरीय निकायों के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक '' स्वच्छता ही सेवा अभियान –2025 '' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गनाईजेशन नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा विवेकानंद उद्यान के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय परिसर में स्वच्छोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने शौचालय की साफ–सफाई व्यवस्था व वहॉ की स्वच्छता का अवलोकन किया तथा

संस्था के प्रतिनिधियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित समस्त सार्वजनिक शौचालयों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप स्वच्छता बनी रहे, शौचालयों की नियमित रूप से पूर्णतः सफाई हों, इस हेतु निरंतर व्यवस्थाएं बनाए रखें। सुलभ इंटरनेशनल द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक शौचालयों में विशेष साफ–सफाई कार्य कराए गए, इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने उपस्थितजनों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई तथा शहर को साफ–सुथरा रखने, साफ–सफाई कार्यो में अपनी–अपनी सहभागिता देने का आव्हान किया।

**घंटाघर में चलाया गया स्वच्छता अभियान** – स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा ओपन थियेटर मैदान, मंच, घंटाघर आदि क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, स्वच्छता ही सेवा अभियान के महत्वपूर्ण घटक '' क्लीन पब्लिक स्पेस '' अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाकर साफ–सफाई के कार्य करते हुए कचरे का संग्रहण व परिवहन का कार्य किया गया, उक्त अभियान में नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने सफाई कार्य कर स्वच्छता कार्यो में अपनी सहभागिता दी, इसी क्रम में सुलभ इंटरनेशनल द्वारा वहॉ पर स्थित सार्वजनिक शौचालय की विशेष साफ–सफाई की गई। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने उक्त क्षेत्र के व्यवसायीबंधुओं से संपर्क कर उनसे अपील की कि वे अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग्स, डिस्पोजल आदि का उपयोग न करें, इसके स्थान पर वैकल्पिक साधनों को उपयोग में लाएं।